दैनिक मध्य स्वर्णिम

सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ मनाया विश्व योग दिवस

एन.एस.एस. के छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

संवाददाता, भोपाल

विश्व में बढ़ते तनाव व बीमारियों को दूर करने में योग की उपयोगिता को देखते हुये व मनुष्य को अपने मन की अनंत ऊर्जा व शक्ति स ेजोड़ने हेतु अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के कार्यक्रम में शास. हमीदिया कला एवं वाणिज्य महावि. द्वारा भी इसमें बढ-चढकर सहभगिता की गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के नेतृत्व में लाल परेड मैदान में 153 छात्रों ने योग किया। जिसमें एन.एस.एस/ एन.सी.सी सहित अन्य छात्रों ने हिस्सा लिया व योग की बारीकियों को जाना व प्रतिदिन योग करने व करवाने का संकल्प लिया। योग में एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारीडॉ. आर.एस. नरवरिया, डॉ.आर. पी. शाक्य, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र पारे, दलनायक गब्बर सिंह, मीडिया प्रभारी राजीव त्रिपाठी, कुलदीप सिंह लौवंषी, शुभम चौहान, राहुल तिवारी, आशुतोष मालवीय, गणेश तिलगाम, आशीष गोदाम, आशीष सेन, हर्ष कल्याणे, सुमित तिवारी, मोहित जाट, पंकज सोमकुंवर, संदीप पाटिल, मो. दानिश खान, इत्यादि की भूमिका उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की समाप्ति जन-गण-मन से हुई।